**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 10.11.25** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत अब मिलेगे 1500 रूपये, मंत्रिपरिषद ने लिया निर्णय।**
- **मुख्यमंत्री ने आज रीवा–दिल्ली हवाई सेवा का वर्चुअली किया शुभारंभ ।**
- **केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा–युवा पीढ़ी सहकारी क्षेत्र को नई उंचाईयों तक ले जायेगी।**
- **जूनियर महिला हॉकी विश्वकप टीम की घोषणा– 25 नवंबर से चिली के सेंटियागो में होगा आयोजन।**

**मंत्रि–परिषद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में हुई राज्य मंत्रि–परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। प्रदेश के सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्योग मंत्री चैतन्य कश्यप ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रि–परिषद द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि 1250 रूपये को बढ़ाकर अब 1500 रूपये करने की स्वीकृति दी गयी है। वहीं खंडवा जिले के मांधाता में नया सिविल न्यायालय स्थापित किया जायेगा।

मंत्रि–परिषद द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में जिले के सभी शासकीय भवनों पर रेस्को पद्धति से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही अन्य निर्णय भी लिये गये।

**मुख्यमंत्री–कैबिनेट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में मंत्रि–परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में भावांतर योजना के अंतर्गत मॉडल रेट से किसानों को हुए लाभ और समाधान योजना से बिजली उपभोक्ताओं को मिली राहत के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को देवास से किसानों के खातों में भावांतर योजना के अंतर्गत राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कल गुजरात के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश का दल सहभागिता करेगा। डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर को मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में बताया कि जबलपुर और आलीराजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे। शिवपुरी,नीमच,धार और नर्मदापुरम जिलों सहित प्रदेश भर में गौरव दिवस मनाया जायेगा।

**हवाई सेवा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा–दिल्ली–रीवा हवाई सेवा का वर्चुअली शुभारंभ किया। उन्होंने रीवा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले 72 सीटर विमान को झंडी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हवाई सेवा विकास को गति देने के साथ ही निवेश, रोजगार और क्षेत्रीय प्रगति के नए द्वार भी खोलेगी। यह विमान सेवा रीवा से दिल्ली के बीच सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी।

## मतदाता सूची

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, संजीव कुमार झा ने आज उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। श्री झा ने कहा कि सभी सुपरवाईजरर्स, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी अपने बीएलओ से बात करें । साथ ही मैपिंग और एन्यूमरेशन फार्म का वितरण कार्य सम्पन्न कराएं । अशोकनगर में पुनरीक्षण कार्य जारी है। और धार जिलें में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापना के निर्देश दिये गये हैं।

## शाह–सहकारी कुंभ

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शहरी सहकारी बैंकों को महत्वाकांक्षी युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आज नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने और सहकारी क्षेत्र के लिए पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य से की गई है। श्री शाह ने कहा कि इससे एक ऐसी पीढ़ी तैयार होगी जो 2047 तक सहकारी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

इस दो दिवसीय सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य संवाद, नवाचार और साझा दृष्टिकोण के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना और देश में वित्तीय समावेशन की सहकारी नींव को मज़बूत करना है।

## जीएसटी

**नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। जबलपुर के लोकेंद्र ने जीएसटी पर दी गई राहत से होने वाले फायदों के बारे में आकाशवाणी से अपने विचार साझा किये।**

## बिहार–मतदान

बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में कल 20 जिलों के 122 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में भारत–नेपाल सीमा पर स्थित विधानसभा क्षेत्रों और सीमांचल, मगध, शाहबाद, कोसी और मिथिलांचल क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता एक हजार 302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 136 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

## मौसम

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद मध्य प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी के कारण उत्तरी हवाएं सीधे मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं, जिससे तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। कल प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

## एफआईएच–हॉकी

हॉकी इंडिया ने आज आगामी एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह विश्व कप 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक चिली के सैंटियागो में आयोजित किया जाएगा। ज्योति सिंह भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी। 20 सदस्यों की इस टीम में 18 खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। भारत को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है।

**समाचार संक्षेप –**

- केंद्र सरकार के पंचायती राज एवं शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभ किए गए मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन आज आगरमालवा जिले के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में किया गया।
- बैतूल कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किये जाने के निर्देश दिये है।
- अनुपपुर जिले में 45 दिवसीय टेराकोटा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ।
- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया के शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 13 नवम्बर किया जा रहा है।
- जबलपुर में दो दिवसीय भारत गोल्फ महोत्सव का कल समापन हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्तर और विदेश के गोल्फ खिलाड़ियों के साथ ही फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा भी शामिल हुए।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज नीमच में एकता मार्च पदयात्रा आयोजित की गई।
- राजगढ के सारंगपुर में आज कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं के 5 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ
- छतरपुर जिला न्यायालय परिसर में नवीन पुलिस सहायता केंद्र का उदघाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने किया।

..................................